# रानीगंज : पूर्व सांसद वंश गोपाल चौधरी व बोरो चेयरमैन मुज्जमिल शहजादा के बीच हुई नोकझोंक

**रानीगंज।** पूर्व माकपा सांसद एवं सीटू के जिला सचिव वंश गोपाल चौधरी पूर्व विधायक रनु दत्त के घटनास्थल पर पहुंचते ही उत्तेजना पूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। दरअसल उन्हें घटनास्थल पर देखकर बोरो चेयरमैन व तृणमूल नेता मुजम्मिल हुसैन शहजादा एवं उनके समर्थक भड़क गए। इस दौरान पूर्व सांसद वंश गोपाल चौधरी के साथ बोरो चेयरमैन मुजम्मिल हुसैन शहजाद की तीखी नोंकझोंक हुई। यहां थोड़ी देर के लिए दोनों तरफ से टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बोरो चेयरमैन चेयरमैन और उनके समर्थक इस बात को लेकर विरोध जता रहे थे कि इससे पहले कभी पूर्व सांसद वंश गोपाल चौधरी क्यों सब्जी मार्केट के दुकानदारों की



सुध लेने नहीं आए थे। लोकसभा चुनाव का समय है। इसलिए वह राजनीतिक फायदे के लिए यहां पहुंचे हैं। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। आखिरकार भारी विरोध को देखते हुए पूर्व सांसद को यहां से वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## रानीगंज स्पोर्टस असेंबली के सदस्यों की मांग है कमलनयन झुनझुनवाला को बनाया जाए अध्यक्ष

**विपक्ष ग्रुप के सदस्यों का भी यही मानना है कि कमल नयन झुनझुनवाला ही अध्यक्ष बने।**

**रानीगंज।** कोयलांचल की सुप्रसिद्ध संस्था स्पोर्ट्स असेंबली की मैनेजिंग कमेटी का चुनाव हो गया है एवं परिणाम भी आ चुका है। नए ग्रुप से 8 सदस्य इस कमेटी में रहेंगे। संस्था के सदस्यों से बात करने पर मालूम चला कि 90% सदस्यों की मांग है कि पूर्व अध्यक्ष कमलनयन



झुनझुनवाला को ही संस्था का अध्यक्ष बनाया जाए क्योंकि उनके कार्यकाल में संस्था का जहां चौतरफा विकास का काम हुआ है। वहीं विभिन्न त्योहारों पर महानगरों की तर्ज पर इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमें परिवार सहित लोगों ने आनंद उठाया है। सदस्यों का कहना है कि कमल झुनझुनवाला अपने कार्यकाल में सभी सदस्यों के साथ सहयोग करते आया है। शांत स्वभाव मृदुल भाषी के साथ-साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन में अपना सत प्रतिशत योगदान देते रहा है। खेलकूद के क्षेत्र में भी कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है। विपक्ष ग्रुप के सदस्यों का भी यही मानना है की कमल नयन झुनझुनवाला अध्यक्ष बने। कमल झुनझुनवाला ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इससे पहले भी संस्था के सदस्य ने मुझे अध्यक्ष पद का सेवा करने का अवसर दिया है सदस्यों की जो भी राय होगी वही होना उचित है मैं हमेशा संस्था के विकास कामों में अपना अभूतपूर्व योगदान देता रहूंगा। संस्था के फाउंडर सदस्यों का भी कहना है कि कमल झुनझुनवाला को ही पुनः अध्यक्ष बनाया जाए। सदस्यों की राय के ऊपर ही अगले सप्ताह तक फैसला हो जाएगा।

## नामांकन के तीसरे दिन बहुजन समाज पार्टी के सनी कुमार साव ने भरा पर्चा

**आसनसोल।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले दिन किसी ने नामांकन नहीं किया दूसरे दिन दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। एसयूसीआई की ओर से अमर चौधरी तथा बहुजन मुक्ति पाटी की महिला प्रत्याशी दीपिका बाउरी ने नामांकन किया था। तीसरे दिन शनिवार को बहुजन समाज पाटी के सनी कुमार साव ने नामांकन किया । सनी साव ने कहा कि वो दलित, पिछड़े समाज के लोगों को समाज के मुख्यधारा से जोड़ेंगे। यदि वे जीत कर आते है तो सबसे पहले आसनसोल में एम्स खुलवाने का प्रयास करेंगे। शिक्षा को और बेहतर करने की कोशिश करेंगे। शनिवार डीएम कार्यालय में जिला



शासक पोन्नाबलम एस को सनी कुमार ने अपना नामांकन पत्र सौपा। बताया जाता है कि 23 अप्रैल को प्रमुख राजनीतिक दल के प्रत्याशी नामांकन कर सकते हैं नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है आसनसोल में 13 मई को मतदान होना है।

## पांडेश्वर विधानसभा में भाजपा प्रार्थी एसएस अहलुवालिया ने किया प्रेस मीट का आयोजन

**पांडवेश्वर।** पांडवेश्वर विधान सभा क्षेत्र के नया सोनपुर गांव में आसनसोल के भाजपा उम्मीदवार एसएस आहलुवालिया ने संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। अपनी प्राथमिक्ता जाहीर करते हुए कहा मोदी जी सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का जो नारा दिया है।हम उनके इस नारे को पुरी करने के लिए आम जनता के पास जा रहे हैं। उन्होने कहा अगर आसनसोल की जनता मोदी जी को आसनसोल की सीट पर विजय बनाती है तो मैं उनका नुमाइंदा बनकर आप की सेवा करेगें, और मेरी पहली प्राथीमकता होगी। इसीएल में जो



कोयला खदाने बंद है और जो खदाने बंद की कगार पर है। उसको चालू कराना और जो बंद होने वाली है, उसे रोकना। साथ ही सीपीआईएम के संत्रास के कारण जो भी उधोग बंद हो गया है। उसको चालू कराना तथा जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है। मोदी जी की योजना हर घर नल हर घर जल योजना पर काम करना। इन्ही वादे के साथ मैं आम जनता के बीच जा रहा हूं, और आगे भी जाऊँगा। उन्होने कहा मेरा राजनिती केरियर हीं जनता की सेवा के लिए है। मैं जहां से भी सांसद रहा वहां आम जनता की सेवा हीं किया है और आसनसोल में भेजा गया है जनता की सेवा करने के लिए। इस अवसर पर उनके साथ पांडवेश्वर विधान सभा के चुनाव प्रभारी दिलिप दे,रानीगंज के चुनाव प्रभारी रामानंद पाठक, रुपक पांजा, बैणूधर मंडल, बब्लू गौण,रमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सालानपुर : पेयजल की समस्या से लोग बेहाल बावजूद हो रही है पेयजल की बर्बादी

**सालानपुर।** पानी आने की उम्मीद और बाट जोहती आँख अब पथरा गई हैं। दुदर्शा का हाल ये है, की गाँव गली और मोहल्ला चारों और खुदा है, जहाँ नही खुदा है, वह कल जरूर खुदेगा। हम पाइपलाइन के लिए खोदी गयी गड्ढों की बात कर रहें है। पश्चिम बंगाल वाटर सप्लाई में कार्यरत अधिकारी और ठेकेदार इतने तेजस्वी है की इन्हें खूबसूरत और अच्छी सड़कें रास नही आती,सड़क बनी हो या बन रही है, कोई फर्क नही पड़ता। बस खोद डालना है। कुल मिलाकर बर्बादी जोरों पर है। लगभग एक वर्ष पूर्व घर घर मे नल कनेक्शन



लगाया गया था। किन्तु आंखे पानी आने की बाट अब भी जोह रही है। सालानपुर के बाँसकटिया गाँव मे बनी पानी टैंक से होदला, बथानबाड़ी, धनुडीह, लेफ्टबैंक, कालीपत्थर समेत अन्य ग्रामीण इलाकों में पेयजल मिलना है, एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक पानी नही पहुँचा। हालांकि पाइपलाइन बिछाने के लिए लगभग करोडों रुपये की लागत से बनी सड़कों को निर्दयतापूर्वक बलि चढ़ा दी गई। इतना ही नही सीधाबाड़ी मोड़ के निकट बन रही नई सड़क को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मुख्यमार्ग पर दो लंबी और बड़ी गड्ढे खोद कर छोड़ दिया गया है, जो दुर्घटना को दावत दी रही है, पूछने पर पता चला की टेस्टिंग के दौरान पाइप लाइन फट जाने से गोफ बन गया था, अलबत्ता रिपेयरिंग के नाम पर 15 दिन से गड्ढा खोद दिया गया। कुल मिलाकर देखें तो विभाग की प्लास्टिक पाईप सरदर्द बना हुआ है, काम करने वाले ठीकेदार पर समय की कोई पाबंदी नही है, इसलिए मनमानी ढंग से कार्य किया जा रहा है। सड़कों को खोदने से पहले कोई अनुमति नहीं लिया जाता और संबंधित विभाग मौन क्यों है? अंततः आखरी सवाल ग्रामीणों को पानी कब तक मिलेगा। आखिर अधिकारी संज्ञान क्यों नही ले रहें हैं।

## रानीगंज पुलिस की सहायता से 2 साल पहले लापता विवाहिता परिजनों को मिली वापस

**रानीगंज।** लगभग 2 साल पहले लापता हुई एक विवाहिता को रानीगंज थाना की पुलिस की सहायता से बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। सोमवार को रानीगंज थाना के आईसी विकास दत्त की उपस्थिति में 28 वषीय विवाहित मंजू रुईदास को उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया। मंजू को वापस पाकर उसके परिजनों के चेहरे खिल उठे और इसके लिए उन्होंने रानीगंज थाना के आईसी विकास दत्त के प्रति आभार जताया। घटना के बारे में बताया जाता है कि मंजू रानीगंज थाना क्षेत्र के सियारसोल ग्राम की रहने वाली है। लगभग 10 साल पहले उसकी शादी हुई थी। फिलहाल उसके 3 बच्चे हैं। वह अपने पति के साथ पंजाब में रहती थी। लेकिन पति द्वारा आत्महत्या



कर लेने पर वह अपने मायके वापस चली आई थी। इस बीच उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया था।परिजनों का कहना है कि मंजू अकेले ही पंजाब जाने के क्रम में अचानक लापता हो गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई अता-पता नहीं चल रहा था। उसके लापता हुए लगभग 2 साल से ज्यादा समय बीत चुके थे। इसलिए उसकी वापसी की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। इस बीच ओडिशा के एक होम से रानीगंज थाने की पुलिस द्वारा संपर्क किया गया। तब जाकर उन्हें पता चला कि मंजू को उस होम में रखा गया था। इसके बाद पुलिस की पहल पर उसे ओडिशा से वापस लाया गया।

## तृणमूल कांग्रेस आंगनवाड़ी कर्मी सहायक और आशा वेलफेयर समिति ने किया शत्रुघ्न के समर्थन में बैठक



**सालानपुर।** पश्चिम बंगाल तृणमूल कांग्रेस आंगनवाड़ी कमी सहायक एवं आशा वेलफेयर समिति के पश्चिम बदर्वान शाखा के तत्वावधान में सोमवार रूपनारायणपुर श्रमिक मंच सभागार में तृणमूल कांग्रेस आसनसोल लोकसभा उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में कमी सभा का आयोजन किया गया। जहाँ आसनसोल लोकसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर संकल्प लिया गया। बैठक में आसनसोल नगर निगम के मेयर सह बाराबनी विधायक विधान उपाध्याय, जिला परिषद अध्यक्ष मोहम्मद अरमान, आंगनवाड़ी जिला संयोजक झरना माजी, राज्य समिति सचिव रुमा बख्शी, अपर्णा रॉय, सुलेखा समेत अन्य मौजूद रहे।

## रामनवमी के उपलक्ष्य में रावण का 27 फीट ऊंचा पुतला का दहन बना आकर्षण का केंद्र

**कुल्टी ।** कुल्टी कारखाना मेनगेट के समीप रामनवमी के उपलक्ष्य में रावण का करीब 27 फीट ऊंचा पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर आतिशबाजी भी की गयी। यहां आयोजक श्रीश्री महावीर अखाड़ा उत्तर कोयरी पाड़ा कमेटी की ओर से रावण का पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण पुतला दहन को लेकर पुलिस छावनी में तब्दील कार्यक्रम स्थल पर ट्रैफिक, दमकल विभाग एवं महिला पुलिस की विशेष व्यवस्था की गई थी। शाम से कुल्टी, बराकर एवं नियामतपुर से सैकड़ों की संख्या में लोग रावण का पुतला दहन कार्यक्रम में शामिल हुए, रात 10 बजे रावण पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर खड़गपुर से आई



आतिशबाजी टीम ने आतिशबाजी की। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों में वार्ड पार्षद और ब्रा चेयरमैन शब्दाबी भंडारी, कुल्टी के विधायक अजय पोद्दार, लोकसभा चुनाव के भाजपा प्रत्याशी एसएस अलुवालिया, श्रीराम सिंह विशेष रुप से उपस्थित थे श्री अहलूवालिया ने पुतला दहन किया ।आयोजकों ने बताया कि लगभग 35 वर्षो से रामनवमी के बाद रावण पुतला दहन की परंपरा चली आ रही है, जो अभी तक जारी है। इसका मुख्य कारण है कि कुल्टी कारखाना के कर्मियों की सुविधा के अनुसार रामनवमी के बाद शनिवार एवं रविवार को अखाड़ा सुनिश्चित किया गया था। पहले 20 से अधिक अखाड़े कुल्टी में निकलते थे, परंतु वतर्मान में मात्र 14 अखाड़े ही निकलते हैं। जिसमे मुख्य रूप से सियाल डंगाल, अपर कुल्टी बोहाल, दक्षिण कोइरी पाड़ा, उत्तर कोइरी पाड़ा, केंदुआ 6 नंबर गेट, पोस्ट ऑफिस, ईटा भट्ठा, पत्थर खाद , 12 नंबर लोको लाइन, रांची ग्राम एवं केंदुआ बाजार में अखाड़ा शामिल है। कुल्टी रेलपार के 6 नंबर गेट में सभी अखाड़ों के खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया।

